


## धाकड़ तो लुट गई, बर्बाद हो गई! कंगना को 5वां झटका

कंगना रनौत की धाकड़ पहले तीन दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर लुट गई है, बर्बाद हो गई है! जी हां, ऐसा हम नहीं बल्कि फिल्म की कमाई के आंकड़े कह रहे हैं। देशभर में करीब 2000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई इस फिल्म का हाल यह है कि इसे थिएटर में दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं। आलम यह है कि फिल्म की कमाई वीकेंड पर बढ़ने की बजाय बुरी तरह घट गई है। यही नहीं, फिल्म के कई शोज भी इसलिए कैंसल करने पड़े हैं, क्योंकि सिनेमाघर में दर्शक एजेंट अग्नि को देखने ही नहीं पहुंचे। इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर महज 1.25 करोड़ की कमाई करने वाली इस फिल्म ने तीसरे दिन रविवार को सिर्फ 97 लाख रुपये की कमाई की है। बॉलिवुड की क्वीन कही जाने वाली कंगना रनौत के लिए यह तगड़ा झटका है। ऐसा इसलिए भी कि बॉलिवुड बनाम साउथ की बहस में जहां कंगना हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को लगातार कोसती रही हैं, वहीं उनकी खुद की यह लगातार चौथी फिल्म है जिसे दर्शकों ने पानी तक नहीं पूछा है। धाकड़ में कंगना रनौत के अलावा अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता भी हैं।

## छवि मित्तल ने रेडियोथैरपी से पहले शेयर किया इमोशनल पोस्ट

ऐक्ट्रेस छवि मित्तल की कुछ हफ्ते पहले ही ब्रेस्ट कैंसर की सर्जरी हुई थी और अब वह इसके अगले पड़ाव पर पहुंच चुकी हैं। छवि मित्तल की रेडियोथैरपी शुरू हो चुकी है जो करीब 20 दिन तक चलेगी। लेकिन रेडियोथैरपी और इसके साइड इफेक्ट्स को लेकर बहुत नर्वस हो रही हैं। छवि मित्तल ने पिछले महीने ब्रेस्ट कैंसर का खुलासा किया था और तभी से वह अपनी कैंसर से स्ट्रगल की जर्नी लोगों के साथ शेयर कर रही हैं। वह कैंसर सर्वाइवर्स के लिए इंस्पिरेशन बन चुकी हैं। छवि मित्तल ने सर्जरी के कुछ दिन बाद ही नॉर्मल रुटीन में वापसी कर ली थी। उन्होंने धीरे-धीरे वर्कआउट भी शुरू कर दिया था। अब छवि मित्तल की रेडियोथैरपी शुरू हो चुकी है, जिसे लेकर वह बहुत नर्वस हैं। छवि मित्तल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रेडियोथैरपी से पहले का वीडियो शेयर किया है और साथ में लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा। छवि मित्तल ने बताया है कि इस वक्त उनके दिलोदिमाग में क्या चल रहा है। छवि मित्तल ने लिखा है, जैसे ही मैंने नॉर्मल फील करना शुरू करती हूं, एक नई जर्नी शुरू हो जाती है।

## केंद्र सरकार की पहल पर गदगद हुए सलमान खान



बॉलिवुड सुपरस्टार सलमान खान अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। सलमान हाल में केंद्र सरकार की एक पहल से बेहद खुश हुए हैं। केंद्र सरकार ने एक पहल शुरू की है जिसके तहत पूरे भारत की पुलिस को और अधिक पीपल फ्रेंडली बनाया जाएगा। इस पर सलमान खान ने अपना रिऐक्शन दिया है। देश में पुलिस अधिकारियों की इमेज को सुधारने के लिए कैपिसिटी बिल्डिंग कमीशन के एक मेंबर प्रवीन परदेशी ने पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में बताया गया था कि किस तरह तेजी से समस्याओं का समाधान किया जाए। इस पोस्ट को ट्वीट करते हुए सलमान ने लिखा, श्भारत सरकार ने पूरे भारत में पुलिस को और अधिक पीपल फ्रेंडली बनाने के लिए एक बड़ी पहल की शुरुआत की है। अब चुलबुल पांडे की आशा सच हुई। बता दें कि सलमान खान ने अपनी सुपरहिट फ्रैंचाइज दबंग में एक पुलिस अधिकारी चुबबुल पांडे की भूमिका निभाई थी। यह एक ऐसा पुलिस अधिकारी होता है जो लोगों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ उठ खड़ा होता है। सलमान के इस किरदार को काफी पसंद किया गया था। इस सीरीज की अब तक 3 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं और तीनों को ही लोगों का भरपूर प्यार मिला है।

# पापा राज कपूर की वजह से ऋषि ने मां कृष्णा संग छोड़ दिया था घर


*दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें हमेशा लोगों के जहन में रहेंगी। उन्हें ऐक्टिंग के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी जाना जाता था। ऐसा कोई मुद्दा नहीं था, जिस पर वो बात करने से हिचकते थे। उन्होंने अपनी किताब खुल्लम खुल्ला में अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में अनसुनी बातें तो बताई हीं, साथ ही पापा राज कपूर के अफेयर का भी जिक्र किया। राज उस जमाने में नरगिस और वैजयंतीलमाला संग रिलेशनशिप में थे, जिसकी वजह से उनकी वाइफ कृष्णा राज कपूर घर तक छोड़कर चली गई थीं। वो बच्चों को लेकर होटल में रहने लगी थीं। आखिरकर थक-हाकर राज कपूर को अपनी लाइफ के इस पार्ट का दि एंड करना पड़ा था।*


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ऋषि कपूर ने अपनी किताब खुल्लम खुल्ला में लिखा था कि वो बहुत छोटे थे, जब उनके पिता का नरगिस जी संग अफेयर था। इसलिए वो इससे प्रभावित नहीं हुए। वो बोले, मुझे याद नहीं है कि घर में भी कुछ गड़बड़ है। लेकिन मुझे याद है कि जब पापा वैजयंतीमाला से जुड़े, उस समय मेरी मां हमें लेकर मरीन ड्राइव पर होटल नटराज चली गई थीं।

**चित्रकूट चली गई थीं कृष्णा राज कपूर**

दिवंगत अभिनेता ने लिखा था, मेरी मां ने इस बार अपने पैर पीछे खींचने का फैसला किया था। होटल से निकलने के बाद हम दो महीने के लिए चित्रकूट में एक अपार्टमेंट में शिफ्ट हो गए थे। मेरे पिता ने मां और हमारे लिए एक अपार्टमेंट खरीदा था। उन्होंने बहुत कुछ किया, लेकिन मेरी मां तब तक नहीं मानी, जब तक उन्होंने अपनी लाइफ से उस (अफेयर) चैप्टर को बंद नहीं कर दिया।



**वैजयंती ने अफेयर की बात को कर दिया था खारिज**


हालांकि, वैजयंतीमाला ने अफेयर को खारिज करते हुए कहा था कि ये सब एक फिल्म प्रमोशन के लिए था। उस समय ऋषि कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा था, वैजयंतीमाला ने मेरे पिता के साथ संबंध होने से इनकार किया। उन्होंने दावा किया कि पब्लिसिटी की भूख के कारण उन्होंने रोमांस प्लान किया था। मैं भड़क गया था। वो उतनी विरक्त (निंदनीय) कैसे हो सकती हैं और दिखावा कर सकती हैं कि कभी अफेयर हुआ ही नहीं था? उन्हें फैक्ट्स को तोड़-मरोड़कर पेश करने का कोई अधिकार नहीं था, क्योंकि वो अब सच्चाई का बचाव करने के लिए मौजूद नहीं थे।

**भड़क गए थे ऋषि कपूर**

ऋषि कपूर ने कहा था, जब उनकी (वैजयंतीमाला) किताब सामने आई तो मीडिया के कई दोस्तों ने मेरा रिएक्शन जानने के लिए मुझसे कॉन्टैक्ट किया। मैंने उन्हें वही बताया, जो मैंने सोचा। मेरा गुस्सा समय के साथ शांत हुआ। मैं मानता हूं कि लोग अपने कारणों से अनकर्फेटबल फैक्ट्स पर रोशनी डालते हैं, लेकिन मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर पापा जिंदा होते तो वो (वैजयंतीमाला) अफेयर को इतने खुले तौर पर नकारती नहीं या फिर वो (राज कपूर) पब्लिसिटी को एक्सपोज कर देते। मेरे पिता अपना ज्यादातर समय अपनी शर्तों पर जीते थे। राज कपूर और वैजयंती माला ने 1961 में नजराना फिल्म में साथ काम किया था, जिसे सीवी श्रीधर ने डायरेक्ट किया था। इसके बाद दोनों ने 1964 में श्संगमश की, जिसके डायरेक्टर और प्रोड्यूसर खुद राज कपूर थे। मूवी में राजेंद्र कुमार ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

# करण जौहर ने जुगजुग जीयो में कॉपी किया गाना

*बॉलिवुड के प्रड्यूसर-डायरेक्टर करण जौहर की आने वाली फिल्म जुगजुग जीयो रिलीज से पहले ही विवादों में घिरती नजर आ रही हैं। एक पाकिस्तानी पॉलिटिशन और सिंगर अबरार उल हक ने करण जौहर पर अपनी फिल्म में उनका गाना चुराए जाने का आरोप लगाया है। अबरार ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया है कि उन्होंने करण जौहर को अपना गाना बेचा नहीं था लेकिन फिर भी उन्होंने इसका इस्तेमाल जुगजुग जीयो में किया है।*




**करण जौहर जैसों को गाने नहीं चुराने चाहिए**

दरअसल हाल में फिल्म जुगजुग जीयो का ट्रेलर लॉन्च किया गया। इस फिल्म में एक गाना नाच पंजाबन पर अबरार उल हक दावा कर रहे हैं। अबरार ने ट्वीट करते हुए लिखा, मैंने अपना गाना नाच पंजाबन किसी भारतीय फिल्म के लिए नहीं बेचा है और मेरे पास इससे हुए नुकसाना का दावा करने के लिए कोर्ट जाने का अधिकार है। करण जौहर जैसे प्रड्यूसर्स को गाने नहीं चुराने चाहिए। यह मेरा छठा गाना है जिसे कॉपी किया गया है और इसकी बिल्कुल भी इजाजत नहीं दी जाएगी। हालांकि अबरार ने यह साफ नहीं किया है कि उनके कौन से 6 गाने चोरी किए गए और क्या ये खास तौर पर बॉलिवुड या करण जौहर के जरिए चुराए गए?

**स्क्रिप्ट चोरी का भी लगा आरोप**

इससे पहले एक ट्विटर यूजर विशाल ए सिंह ने भी ट्वीट कर दावा किया है कि करण जौहर ने जुगजुग जीयो में बगैर इजाजत उनकी कहानी चुरा ली है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, मैंने जनवरी 2020 में स्क्रीनराइटर्स असोसिएशन इंडिया के साथ बन्नी रानी टाइटल के साथ एक कहानी का रजिस्ट्रेशन करवाया था। मैंने इस कहानी को फरवरी 2020 में करण जौहर के धर्मा प्रॉडक्शन को ऑफिशली मेल किया था ताकि उनके साथ मिलकर फिल्म को को-प्रड्यूस कर सकूं। उन्होंने मुझे जवाब भी दिया। लेकिन अब उन्होंने मेरी कहानी चुरा ली है। मेरी कहानी पर उन्होंने जुगजुग जियो बना दी। यह सही नहीं है करण जौहर।

**कब रिलीज होगी फिल्म?**

फिल्म जुगजुग जीयो का डायरेक्शन राज मेहता ने किया है। फिल्म में वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर, नीतू कपूर और मनीष पॉल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह एक फैमिली कॉमिडी और ड्रामा फिल्म है। फिल्म को 24 जून 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।